तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025



14 विहिप जिला अध्यक्ष ने एसपी से लव जिहाद, गौ तस्करी पर चर्चा



12 मेडिकल कॉलेज को कचान्दुर में जमीन ...






मालवाहकों पर सवारी के 20 प्रकरणों में 1,15,300, एवं 6 शराबी वाहन चालकों पर 51,000 रू अर्थदण्ड

# लापरवाह 374 वाहन चालकों पर की 3,46,600 रुपए की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



■ 11 से 17 मई तक विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

बालोद पुलिस द्वारा विगत सप्ताह अभियान चलाकर 374 लापरवाह वाहन चालकों पर 3,46,600 रू. की चालानी कार्यवाही किया गया। विशेष तौर पर मालवाहक में सवारी बैठाने वाले 20 प्रकरणों में 1,15,300रू. एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 06 शराबी वाहन चालकों पर 51,000 रू. अर्थदण्ड की कार्यवाही किया गया। परिवहन विभाग को पत्र भेजकर शराबी वाहन चालको एवं मालवाहक में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों का लायसेंस भी निलंबन कराया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 सामाधान शिविरों में ''जागरूकता रथ'' के माध्यम से आम जनों को जागरूक किया गया। शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन नहीं करने बालोद पुलिस लगातार अपील कर रही है।

थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा विगत सप्ताह 11 मई से 17 मई तक विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान का उद्देश्य मालवाहक वाहनों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आम जनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

मोटर वाहन चेकिंग में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारीयों, यातायात बालोद द्वारा 374 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 3,46,600 रू. राशि वसूल किया गया है। विशेष तौर पर मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले 20 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 1,15,300 रू. की राशि वसूल किया गया एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरणों में कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 51,000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। शराब सेवन कर वाहन चलाने एवं मालवाहक में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र जारी कर उनका लायसेंस भी निलंबन कराया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 में समाधान शिविरों में ''जागरूकता रथ'' के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राईम एवं नवीन कानूनों के बारे में पाम्पलेट वितरण एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को ▸▸| शेष पेज 12 पर

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निःशुल्क समर कैंप

**गुरूर।** मां बहादुर कलारीन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर मे हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं के लिए महाविद्यालय संचालन समिति के द्वारा शिक्षा के गुणवत्ता को आगे लाने व व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक नई विचारधारा के तहत महाविद्यालय में ग्रीष्म कालीन समर कैंप के रूप में निःशुल्क कंप्यूटर क्लासेस व सभी विषयों का तैयारी कराई जा रही है, क्लासेस 1 अप्रैल से प्रारंभ है जो 31 मई तक संचालित होगी। जिसमें गुरुर अंचल के छात्र-छात्राएं इसका लाभ ले रहे हैं।

## डौण्डी के सुरडोंगर में आज सुशासन शिविर

बालोद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार, 20 मई को डौण्डी विकासखण्ड के सुरडोंगर के शासकीय हाई स्कूल मैदान एवं नगर पंचायत गुरूर के कार्यालय भवन के पास 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि समाधान शिविर में डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुरडोंगर में लिमउडीह, चिहरो, आमाडूला, मथेना, काड़े, कुंवागोंदी, मरदेल के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह नगर पंचायत गुरूर के समाधान शिविर में नगर पंचायत गुरूर के समस्त वार्डवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

## रस्सी निर्माण की पांच मशीनों का विवाद टला, पर प्रक्रिया पर उठने लगे हैं सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा




■ डोंडी ब्लॉक की पांच पंचायत में एक एक मशीन देनी है पर कुसुमकसा में मशीन छोड़ने से हुआ संशय

जिला खनिज न्यास निधि से रस्सी निर्माण कार्य कृषि स्व सहायता समूह के नाम से कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायत कुसुमकसा में रस्सी निर्माण की पांच मशीन रखी गई है का समाचार प्रकाशित होने का असर हुआ और आज सोमवार को उक्त मशीन को पंचायत भवन से दो व्यक्ति उठाकर बाहर कार में डाल कर ले गए की डोंडी ब्लॉक के पंचायतों से कार्यादेश नहीं मिला है इसलिए अन्यंत्र ब्लॉक में सप्लाई करने ले जाने की बात कही ,मशीन ले जाने वाले से पूछा गया की एक ग्राम पंचायत में मशीन निर्माण की कितनी मशीन है तो उनके द्वारा जवाब दिया गया की एक पंचायत में एक मशीन देनी है , डोंडी ब्लॉक के पांच पंचायत में एक एक मशीन देनी है इसलिए एक साथ ग्राम पंचायत कुसुमकसा में पांच मशीन छोड़ा गया था, मशीन लेने आए व्यक्ति ने दबी जुबान में कहा की ऊपर से लेकर नीचे तक व्यवस्था बनानी पड़ती है तब कही कार्य स्वीकृत होने की बात कही थी साथ ही बताया की बालोद जिला में डोंडी लोहारा ,गुरुर सहित अन्य ब्लॉक में उक्त कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी

**जनपद सदस्यों को नहीं देना समझ से परे है:** आदिवासी विकासखंड डोंडी के जनपद पंचायत ने जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत जनवरी 2025 में लगभग पांच ग्राम पंचायतों में रस्सी निर्माण कार्य कृषि स्व सहायता समूह , कार्य एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत के नाम से कार्यादेश जारी किया गया है,प्रति ▸▸| शेष पेज 12 पर

### पंचायत जनप्रतिनिधियों ने उक्त कार्य को करने की स्वीकृति नहीं दी

मिली जानकारी अनुसार इस ग्राम पंचायत कुसुमकसा के पंचायत जनप्रतिनिधियों को जिला खनिज न्यास निधि से 1.80लाख रुपयों की रस्सी निर्माण कार्य आने की जानकारी सचिव द्वारा दी गई व जनपद पंचायत डोंडी से उक्त कार्य के संबंध में भेजे गए बंद लिफाफा की जानकारी दी व लिफाफा को खोला गया तो तीन अलग फर्म के नाम से उक्त कार्य के संपादन हेतु भाव पत्र दिया गया था दिए गए कोटेशन में रस्सी निर्माण मशीन व प्रशिक्षण कार्य एक नग राशि अलग अलग लिखा गया था ,उक्त फर्मों का जी एस टी नंबर भी अंकित नहीं था जिसको देखकर पंचायत जनप्रतिनिधियों ने उक्त कार्य को करने की स्वीकृति नहीं दी ।

### कार्य गुणवतायुक्त होना चाहिए

योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने कहा की आदिवासी अंचल में ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराए जाने वाले कार्य गुणवतायुक्त होना चाहिए , जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत कार्य में कार्य एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत है तो इनका अधिकार मिलना चाहिए ,उनपर दबाव नहीं डालना चाहिए अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि कहा की जनपद पंचायत डोंडी के द्वारा उक्त कार्य का कार्यादेश जारी किया गया जिसमे स्पष्ट उल्लेख नहीं है की रस्सी निर्माण ▸▸| शेष पेज 12 पर

गोद भराई रस्म और खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार पूरा किया गया

# समाधान शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड धान बीज, कीटनाशक और खाद बांटे







हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ भाठागांव आर के समाधान शिविर में सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में समाधान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में आयोजित समाधान शिविर में कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, दयाराम साहू एवं राजेन्द्र राय, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर, लेखराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

आयोजित शिविर में अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, किसान किताब, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल ▸▸| शेष पेज 12 पर

### आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मिश्रा ने सुशासन तिहार क दौरान प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। मिश्रा ने वर्तमान समय में पानी के भीषण संकट को देखते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले के प्रत्येक नागरिकों को बहुमूल्य भागीदारी निभाने की भी अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख ने सुशासन तिहार के आयोजन ▸▸| शेष पेज 12 पर


GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50)<br>SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 08.09.2024<br>22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80)<br>AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 06.10.2024<br>23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38)<br>AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180)<br>AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 23.02.2025<br>09.03.2025<br>25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-174)<br>DPP-02 (Q.NO-156)<br>DPP-03 (Q.NO-87)* | 07.11.2024<br>19.02.2025<br>25.02.2025<br>28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)*<br>DPP-20 (Q.NO-71) | 17.03.2025<br>11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54)<br>DPP-16 (Q.NO-66) | 08.09.2024<br>28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150)<br>SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 03.03.2025<br>09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67)<br>DPP-19 (Q.NO-150) | 27.04.2025<br>10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189)<br>DPP-21 (Q.NO-144) | 15.12.2024<br>14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)*<br>DPP-18 (Q.NO-137) | 22.09.2024<br>07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168)<br>AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118)<br>AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025<br>16.02.2025<br>16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)*<br>AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)*<br>DPP-18 (Q.NO-124) | 23.02.2025<br>02.03.2025<br>07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 23.02.2025<br>19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114)<br>SPOT TEST-13 (Q.NO-79)<br>DPP-25 (Q.NO-94) | 23.02.2025<br>16.04.2025<br>21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4IW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595

RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999

BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

# मेडिकल कॉलेज को कचान्दुर में जमीन आवंटन का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ब्लाक के ग्राम कचान्दुर के ग्रामीणों ने गांव के चारागाह, सिंचाई तालाब, स्कूल के लिए आरक्षित और खेती योग्य भूमि को चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कचान्दुर को आवंटित किए जाने का कड़ा विरोध दर्ज कराया है। 16 मई शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्ग तहसील कार्यालय पहुंचकर चंदुलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय महाविद्यालय के भू-अधिग्रहण करने पर अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं है। ग्राम पंचायत कचान्दुर सरपंच कीर्तन साहू ने बताया कि जिला प्रशासन ने स्थानीय ग्राम पंचायत को अपने विश्वास में लिए बिना व बिना ग्राम सभा की अनुमति के ग्राम कचान्दुर की भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। जिसका ग्राम पंचायत की बैठक में एवं ग्राम सभा की बैठक लेकर उक्त भूमियों के अधिग्रहण पर रोक लगाने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन के संबंधित उच्चाधिकारियों को इसकी प्रति भी भेजा गया है। शुक्रवार 16 मई को दुर्ग तहसीलदार को चंदुलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय महाविद्यालय के लिए उक्त भूमि अधिग्रहण (मांग) पर आपत्ति लगाने में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत कचान्दुर सरपंच कीर्तन साहू, क्षेत्रीय जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, उपसरपंच उदयराम वर्मा, पंच टिकेन्द्र वर्मा, दिलीप निर्मलकर, रामचरण साहू ,पुरूषोत्तम साहू, टिकेश्वर पटेल, उर्मिला साहू, कुसुम पटेल, भानुमति पटेल, ईश्वरीय निर्मल कर, रमेश वर्मा, चित्रलेखा साहू, चंद्रिका यादव, हेमलता साहू, वर्षा ठाकुर, विदेश यादव, संतोषी निर्मलकर आदि पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा ग्राम के गणमान्य कृषक लोकेन्द्र बन्छोर,बिसम्भर साहू, गोकुल साहू, महेन्द्र साहू, कनी राम साहू, पवन साहू, शकुन्तला साहू, केशरी यादव, सुनिता साहू आदि प्रमुख है।

## ग्राम पंचायत और ग्रामसभा की अनुमति के बगैर प्रशासन ने शुरु की प्रक्रिया

### सिंचाई और चारागाह की है जमीन

जिस भूमि पर मेडिकल कॉलेज का अतिरिक्त निर्माण प्रस्तावित है, उसमें कृषकों के सिंचाई तालाब है, जहां बरसात का पानी एकत्र होकर जलस्तर बनाए रखता है। कृषक इसी तालाब के पानी से अपने खेतों में सिंचाई करते हैं।इसी से लगा हुआ चारागाह की जमीन है जिस पर पर शासकीय गौठान भी बना हुआ है। एवं इसी से लगाया हुआ भूमि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के लिए आरक्षित हैं। जिस खसरा नंबर की ज़मीनों पर ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है, उनमें निम्न लिखित खसरा नंबर की जमीन शामिल हैं -खसरा नंबर 767, रकबा, 2.440 हेक्टेयर खसरा नंबर 776, रकबा 1.660 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1003, रकबा 4.630 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1062 रकबा 3.400 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1065, रकबा 7.780 हेक्टेयर, इन सभी को मिलाकर लगभग 50 एकड़ भूमि है, जिसे मेडिकल कॉलेज को आवंटित किया जा रहा है।



### कॉलेज के लिए वैकल्पिक भूमि की हो व्यवस्था

जनपद सदस्य गोकुल वर्मा ने जिला प्रशासन से पुनः मांग किया है कि स्थानीय ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा से सहमति लेकर मेडिकल कॉलेज के विस्तारीकरण के लिए वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी आपत्तियों को अनसुना किया, तो वे आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### आवासीय परिसर और हॉस्टल के लिए प्रस्तावित है जमीन

चिकित्सा महाविद्यालय के लिए डॉक्टरों और स्टाफ के लिए आवासीय परिसर एवं छात्रों के लिए हॉस्टल भी प्रस्तावित हैं। जिस भूमि पर सिंचाई नहर नाली, मनरेगा से बना खेतों के लिए कच्ची पहुंच मार्ग, और अन्य ग्रामीण विकास योजनाएं पहले से ही चल रही हैं। क्षेत्रीय जनपद सदस्य गोकुल वर्मा का कहना है कि इस भूमि से गांव की कृषि व्यवस्था, जल संरक्षण, पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण, मवेशियों के लिए चारा, और कृषकों के निस्तारीक्ष आदि सुविधा जुड़ी हुई है। भूमि अधिग्रहण से ग्रामीणों की आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा। अतः उक्त भूमि आवंटन रद्द किया जाने की मांग जिला प्रशासन से की हैं।

## खबर संक्षेप

### गिरधारी नगर में बारिश पूर्व महासफाई अभियान

**दुर्ग।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 09 गिरधारी नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया गया। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नरेंद्र बंजारे, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, उपअभियंता विनोद मांझी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने गिरधारी नगर नाले-नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

### आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**दुर्ग।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 09 गिरधारी नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया गया। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नरेंद्र बंजारे, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, विनोद मांझी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने गिरधारी नगर नाले-नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

### अतिक्रमण हटाने का निर्णय साहसिकः डॉ. उमरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दिखावेबाजी के लिए शिविर लगाने एवं महापौर अल्का बाघमार के महासफाई अभियान पर अनर्गल बयानबाजी करने पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के बयान पर कहा कि महापौर अल्का बाघमार की कार्यप्रणाली से कांग्रेसियों की नींद हराम हो गई है क्योंकि पिछले पांच वर्षों में दुर्ग शहर में अतिक्रमण बढ़े हैं जो कांग्रेसियों की शय पर किए गए हैं। पूर्व महापौर ने इस पर कोई ठोस कार्यवाही करने की जगह इसे बढ़ावा देने का कार्य किया था।

## दुर्दशा : पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने से मरीजों की बढ़ रही परेशानी

# उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीमार एंबुलेंस के बिना मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला मुख्यालय से महज 25 किमी दूर उतई का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुद ही बीमार हैं। तीन लाख की आबादी वाले इस गांव में अस्पताल से इलाज कम, मरीजों को दर्द ही मिल रही है। ग्रामीण लगातार अस्पताल में सुविधा देने डाक्टर और एंबुलेंस सहित जरूरी सुविधाओं की मांग कर चुके है। इसके बाद भी व्यवस्था सुधारने के बजाय ग्रामीणों के लिए यह परेशानी का सबब बन गया है। हरिभूमि ने यहां पडताल करने पर पाया कि, अस्पताल में न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं हैं। यहां तक आपात स्थिति में मरीज को चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए एक अदद एम्बुलेंस तक नहीं है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होने का दावा सरकारें करती हैं, लेकिन दुर्ग जिले का ग्राम चिकित्सालय की हकीकत सरकार को मुंह चिढ़ा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव में जब अचानक किसी की तबिशत खराब हो जाए तो लोगों को अस्पताल तक पहुंचने साधन के लिए भागना पडता हैं। आपात स्थिति में मरीज को चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए एक अदद एम्बुलेंस तक नहीं है।

## न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सुविधा की खुली पोल




### अस्पताल में सफाई का भी अभाव कई दिनों तक नहीं बदली चादर

अस्पताल देखने से ऐसा लगा कि, पिछले कई दिनों से बेड की चादर ही नही बदली गई हैं। यहां बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर है, लेकिन एक साल से खराब है। अस्पताल के कई कमरों में बिजली की वायरिंग इतनी पुरानी और जर्जर हो गई है। हर समय शॉर्ट सर्किट का खतरा मंडराता रहता है, वहीं अस्पताल के वार्डों में साफ-सफाई का बुरा हाल है।

### भीषण गर्मी में उबलने को मजबूर, मरीजों पर दुर्दशा की मार, एंबुलेंस भी नहीं

झेल रहे उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिम्मेदार भी इस अव्यवस्था के बीच समय काटने अपने रूटीन में शामिल कर चुके हैं। स्वास्थ्य केन्द्र के उस वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए न पर्याप्त लाइटें हैं और न ही फैन की सुविधा है। भीषण गर्मी में मरीज उबल रहे है। मरीज 40 से 45 डिग्री तापमान में बिना लाइट और फैन रहने को मजबूर हैं। हद तब हो रही है जब मरीज को यदि एक्स रे करवाना है तो उसकी फिल्म उसे खुद लानी होगी। यही नहीं, आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल लाने के लिए सबसे जरूरी सुविधाओं में से एक एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं है।

### अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती नहीं

उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 10 डॉक्टर्स होने चाहिए। जिसमें 5 मेडिकल ऑफिसर और 5 स्पेशलिस्ट, लेकिन यहां सिर्फ 3 डाक्टर ही पदस्थ है। स्टाफ की कमी से यहां बच्चों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है। यहां 2 मेडिकल ऑफिसर, 1 स्पेशलिस्ट, शिशु रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ पद रिक्त हैं।

### हमर लैब के स्टोरेज रूम में लटक रहा है ताला

ग्राम चिकित्सालय में स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जांच के लिए अस्पताल परिसर में हमर लैब संचालित है। हमर लैब में ब्लड स्टोरेज रूम है, लेकिन उचित संसाधनों के अभाव में हमेशा ताला लटका रहता है। 1 साल से रिएजेंट नहीं होने खून संबंधी जांच नहीं हो रही है। लैब में किडनी फंक्शन टेस्ट, लीवर फंक्शन टेस्ट इसलिए नहीं हो रहें, क्योंकि लैब इंजार्च पद रिक्त है।

# उपादान की राशि किस्तों में नहीं एकमुश्त देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




महापौर परिषद ने 300 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उपादान की राशि देने की घोषणा की है। जिसका सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि

■ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने किश्तों पर देने का जताया विरोध

आनेवाले माह के अंदर उपादान की राशि उन्हें मिल जाएगी। निगम के सेवानिवृत सुखदेव, अनिल मनहरे, जगदीश सूर्या, रोहिणी बाई , देवकी बाई, प्रीति कटझोरी, बुधराम मेश्राम, शहनाज बेगम, पुरुषोत्तम अहीर, कुमारीबाई चंद्राकर, निर्मला बी, कचराबाई सोनी सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें उनकी उपादान की राशि किश्तों में नहीं एकमुश्त राशि चाहिए। एकमुश्त राशि नहीं दिए जाने और बिना ब्याज के उपादान राशि भुगतान किये जाने पर आपत्ति जताई है। इस संबंध में कर्मचारियों ने कहा कि हमारे उपादान की राशि को निगम ने 5, 10,15 वर्ष रोक कर पहले ही हमे नुकसान पहुंचा दिया है। परंतु अब जब उपादान की राशि देने का मन बना लिया गया है तो अब एकमुश्त राशि हमे दिया जाना चाहिए। कर्मचारियों ने बताया कि निगम कार्यालय के सूत्रो से पता चला है कि उपादान की राशि किश्तों में दिया जाएगा । यह भी बताया जा रहा है कि जो पैसा देगा उसका पूरा पैसा निकलेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि हमारे उपादान की एकमुश्त राशि पहले दे दी जाती तो भविष्य के लिए हम बैंक में एफडी कर सकते थे उसका उन्हें हजारों रुपए ब्याज मिलता । नगर निगम दुर्ग ने अभी जो सूची जारी की है उसमें जितना उपादान की राशि बनी थी उतना ही राशि देने उल्लेख किया गया है । इतने वर्ष के बाद भी एक रूपए ब्याज नहीं दिया जा रहा है । जिस पर हम सभी सेवानिवृत्ति कर्मचारियों ने आपत्ति जताई है।

### तल से की जाए नालियों की सफाई -महापौर

**दुर्ग।** नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे महासफाई अभियान के तहत वार्ड 30 इंदिरा मार्केट क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने क्षेत्र की नाली की सफाई कराई। नाली की विगत महीनों से सफाई नहीं कराई गई। महापौर श्रीमती बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा एवं अपनी एमआईसी टीम व पार्षदों के साथ पूरे वार्ड 30 क्षेत्र का भ्रमण कर वार्ड की नाले-नालियों की तले से सफाई कराने के निर्देश दिए।

## सहकारिता दिवस पर बोरीगारका सोसायटी में पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बोरीगारका के धान संग्रहण केंद्र में सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव के नेतृत्व में रखा गया था। जिसमें चार गांव बोरीगारका, पववारा , पुरई और करगाडीह से किसान एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिनका सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्रद्धा पुरेंद्र साहू सभापति उद्योग एवं सहकारिता विभाग जिला पंचायत दुर्ग विशेष अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य झमित गायकवाड, ग्राम-बोरीगारका के सरपंच चुम्मन लाल यादव, उप सरपंच सहित

■ सहकारिता दिवस पर संग्रहण केंद्र में आयोजन




समस्त पंच गण उपस्थित थे साथ ही करगाड़ीह के सरपंच करण सेन एवं उनके पंचगण तथा ग्राम पुरई सरपंच डोमार सिंह साहू उप सरपंच शीतला ठाकुर एवं समस्त पंच गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्रद्धा साहू द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसानों के हित और केंद्र और राज्य सरकार के समस्त योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की गई।

## राजाराम मोहन राय की जयंती पर शिक्षा के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के उरला अटल आवास वार्ड 57 में हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा निर्धन, अशिक्षित, वंचित नागरिकों को भारत के महान समाजसेवी राजाराम मोहन राय की जीवनी, कार्यों की जानकारी व शैक्षणिक सामाग्रियों का वितरित कर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। जिसमें छविकांत बाघे, जया पांडे, हेमलता वाहने, शैलेष घरडे, सहदेव निषाद, मीना सिंह, लक्ष्मण सिंह, नाजमीन खान, जितेन्द्र वाघमारे, विनीत चौरे, सुनील क्षत्री व जयवर्धन समाजसेवी उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जीवनदान संस्था के महासचिव व मार्शल आर्ट प्रशिक्षक योगेश्वर मानिकपुरी व राकेश देवांगन रहे। विशेष अतिथि अधिवक्ता राकेश यदु थे।

## महापौर ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर बच्चों का कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड 52 बोरसी में सुशासन तिहार के तहत महिला बाल विकास विभाग दुर्ग शहरी अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद-भराई व बच्चों का अन्नप्राशन महापौर अलका बाघमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर,महिला बाल विकास प्रभारी श्रीमती शशि द्वारिका साहू, एमआईसी मनीष साहू, निलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल,साजन जोसफ मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल में 30 किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जाँच भी किया गया। शिविर स्थल में दुर्ग शहरी परियोजना से परियोजना अधिकारी तथा सभी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती

■ बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार



माताओं का गोद भराई व नन्हे-मुन्हे बच्चो को अन्नप्राशन कराया साथ ही महापौर श्रीमती बाघमार ने कार्यक्रम में चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इन महिलाओं को फल, दूध और पोषण सामग्री भेंट की गई। साथ ही दो शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाकर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि सरकार प्रत्येक शहर क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के माध्यम से नौनिहालों को अन्नप्राशन कराया जा रहा है। इसके अलावा गर्भवतियों की गोद भराई कराई जा रही है, राज्य सरकार में विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे आमजन को मिल रहा है।

### लापरवाह 374 वाहन चालकों पर ...

जागरूक किया जा रहा है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही है। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

### रस्सी निर्माण की पांच मशीनों ...

ग्राम पंचायत में उक्त कार्य की लागत राशि 1.80 लाख रुपए बताया गया है , तथा उक्त कार्य के संपादन के लिए तीन बंद लिफाफा में कोटेशन जनपद पंचायत डोंडी के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पहुंचा दिया गया था वही उक्त कार्य स्वीकृति के साथ कार्य के संपादन हेतु जनपद पंचायत डोंडी से निकले कार्यादेश की जानकारी जनपद पंचायत डोंडी के निर्वाचित जनपद अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्यो को नही देना समझ से परे है।

### कार्य गुणवतायुक्त ...

की मशीन का मूल्य कितना है , प्रशिछन कितने दिन व कितने महिला सदस्यो को प्रशिक्षण देना है , प्रशिक्षण आवासीय रहेगा या नही, प्रशिक्षण के दरम्यान चाय नाश्ता ,खाना देना है या नही ,रस्सी निर्माण के लिए कच्चा माल कितना आएगा ,ग्राम पंचायतों के सरपंचों को मोहरा बनाकर जिला खनिज

## पेज 11 के शेष

न्यास निधि के राशि का बंदरबाट किया जा रहा है , , जिला खनिज मद से उक्त स्वीकृत कार्य की पूरे बालोद जिला में जांच कराने की मांग शासन प्रशासन से की है मशीन को पंचायत में छोड़ना गलत : डी डी मंडले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी ने बताया की किसी भी फार्म के द्वारा अनाधिकृत रूप से रस्सी निर्माण की मशीन को पंचायत में छोड़ना गलत है ,जनपद पंचायत से रस्सी निर्माण कार्य को निरस्त करने के लिए कलेक्टर बालोद को पत्र भेजने की बात कही।

### समाधान शिविर में किसान ...

प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर के समाधान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार को भी पूरा किया गया। **सुशासन तिहार क्रांतिकारी एवं अभिनव प्रयासः** इस अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में आयोजित समाधन शिविर को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार शासन एवं प्रशासन को आम जनता के द्वार तक ले जाने का बहुत ही क्रांतिकारी एवं अभिनव प्रयास है। इसके माध्यम से शासन-प्रशासन के द्वारा आम जनता के वास्तविक जरूरतों एवं उनके मांगों तथा समस्याओं को जानकर निर्धारित समयावधि में उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। नाग ने कहा कि मौजूदा केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए —तसंकल्पित है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता द्वारा सुशासन तिहार के दौरान प्रस्तुत किए गए सभी आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि हमारे राज्य व केन्द्र सरकार देश एवं प्रदेश में सुशासन की स्थापना के लिए कृतसंकल्पित है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया।

### आवेदनों का समुचित निराकरण ...

को अत्यंत दूरगामी, महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी आयोजन बताते हुए इसकी भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सुशासन तिहार के आयोजन का हम सभी को दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के भाठागांव आर में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत भाठागांव आर सहित ग्राम रनचिरई, जरवाय, जोरातराई, मुन्देरा, खलारी, खुटेरी भ, भटगांव, डोगीतराई, किलेपार, कसौन्दा, परसाही, मचौद, रूदा, तवेरा, राहूद एवं ग्राम पंचायत सकरौद के निवासी शामिल हुए। इसी तरह आज गुरूर विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान कोचवाही में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत धानापुरी, हितेकसा, सोनईडोंगरी, नारागांव, बड़भूम, करेंझर एवं ग्राम पंचायत पोंड़ के निवासी शामिल हुए।

# डिपरापारा में चला नाली महासफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महासफाई अभियान के अंतर्गत सभापति श्याम शर्मा, पार्षद गुलाब वर्मा के साथ वार्ड 39 में चलाए गए अभियान के तहत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने उपस्थित होकर नालियों की सफाई कराई। उन्होंने सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी के पूरे प्रभारियों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण किया व सफाई सुपरवाइजर व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिये। स्लेब हटवाकर सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड 39 क्षेत्र स्थित विजय नगर सहित अन्य जगहों पर नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश दिए। उन्होनें चेतावनी दी कि यदि घर के बाहर नाली के ऊपर स्लैब हटाकर लोहे की जाली नहीं हटाई तो कार्रवाई की जायेगी। महासफाई अभियान के अंतर्गत क्षेत्र डिबरा पारा, बैधनाथ पारा, विजय नगर सहित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों को सभी जगह की नालियों निगरानी में रहकर सफाई करवाने की बात कही।



**खबर संक्षेप**

### देवांगन समाज की वार्षिक आमसभा का 25 को

**बालोद।** जिला देवांगन समाज द्वारा वार्शिक आमसभा का आयोजन 25 मई को सुबह 10 बजे से मां परमेश्वरी जिला देवांगन समाज भवन सिवनी मे कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमे जिला देवांगन समाज समाज बालोद के युवा प्रकोष्ट, महिला प्रकोष्ट ब्लाक देवांगन समाज बालोद, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, देवरी, गुरूर, दल्लीराजहरा, अर्जुन्दा के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहेंगे। जिसमे मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चिखलाकसा कुंती संतोश देवांगन रहेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद दीपक देवांगन करेंगे। वि"ाश अतिथि पार्शद अर्जुन्दा ई"वर देवांगन, हेमलता अशोक देवांगन, राजू देवांगन, सरपंच फरदडीह मनीशा राजेन्द्र देवांगन, सरपंच खुरसुली ई"वर लाल देवांगन, सरपंच बी जामगांव दिनेश देवांगन, उपसरपंच ग्राम पंचायत छेड़िया वाके"वर देवांगन उपस्थित रहेंगे। जिसमे सुबह 10 बजे मां परमे"वरी की पूजा अर्चना की जाएगी। 11 बजे अतिथियो का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। 12 बजे आय व्यय का विवरण दिया जाएगा। 2 बजे आवेदन पर विचार विमर्श होगा। इस दौरान जिला देवांगन समाज का वार्शिक आमसभा पर चर्चा की जाएगी। जिसमे सभी ब्लाक के द्वारा धर्मांतरण की जानकारी का वाचन, ब्लाक देवांगन समाज गुण्डरदेही के प्रस्ताव पर विचार विमर्श, ब्लाक देवांगन समाज अर्जुन्दा के द्वारा आवेदन पर रोहित देवांगन के संबंध मे चर्चा एवं निराकरण, राकेश देवांगन एवं निशा देवांगन जिला राजनांदगांव के आवेदन पर विचार विमर्श एवं निराकरण, ग्राम ईकाई देवांगन समाज सिवनी के द्वारा प्रेशित पत्र पर विचार किया जाएगा साथ ही अंतरजाति विवाह संबंधी मिले प्रकरणो के संबंध मे चर्चा किया जाएगा।

### करंट लगने से छात्र की मौत

**भिलाई।** खेत के बाड़ी में लगे बाउंड्रीवाल में करंट लगने से स्कूली छात्र की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कुगदा निवासी 14 वर्षीय अरविंद कुर्रे गांव के खेत में अचानक गया हुआ था। जहां पर स्ट्रीट लाइट का पोल भी निकला हुआ है। खेत के बाउंड्रीवाल में करंट आने से बालक चिपक गया था। बालक कक्षा 9 वीं का छात्र था।

### धारदार हथियार लेकर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि मोहम्मद खालिद नामक युवक को घेराबंदी कर टेंट हाउस के सामने से पकड़ा गया है। टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि युवक को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** पर्सनल यूजर आईडी से ट्रेन का कंफर्म टिकट देने वाले युवक को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अरपीएफ क्राइम ब्रांच भिलाई ने वार्ड 5 गणेश राम मंदिर लेबर कैंप निवासी मनोज बिसाई 31 वर्ष गिरफ्तार किया है। मनोज पर आरोप है कि अपने पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की टिकट बनाकर बेचता था। मनोज के पास से आईआरसीटीसी का कोई एजेन्ट आईडी नहीं था। आरपीएफ क्राइम ब्रांच भिलाई ने आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल भिलाई के सुपुर्द किया। इस तरह अवैध रुप से टिकट बेचने वालों के कारण रेलवे की वेबसाइट पर कंफर्म टिकट मिलने में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मनोज बिसाई श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र दुकान नामक च्वाइस सेंटर का संचालक है। दलाल पर्सनल आईडी से टिकट बुक कर लेते हैं और कंफर्म टिकट के बदले लोगों से मनमाने पैसे वसूलते हैं। मनोज बिसाई भी यही काम कर रहा था। इसके लिए वह श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र के नाम से च्वाइस सेंटर का संचालन कर रहा था।

**बैठक : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपकर मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की**

# सामाजिक कल्याण संघ की बैठक में बेरोजगारी, दैवेभो पेंशनर्स, लिपिकों की समस्या पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि 17 मई को प्रदेश स्तरीय बैठक कांकेर जिला के जिला अध्यक्ष श्री सहदेव सोनवानी की अगुवाई में बैठक संपन्न हुई।

■ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 60 दिनों में नियमितिकरण का लाभ देने की मांग की

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर मानव एक सामाजिक प्राणी है, और अपने जीविकोपार्जन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। सामाजिक संरचना के भू-तल को दृष्टिगत रखते हुए न्याय दिया जाना, न्याय की श्रेणी में आता है। समाज का विकास तो देश का विकास के मद्देनज़र संघ को प्राप्त समस्यायों के निवारण हेतु की गयी अपील अनुसार निग्न बिन्दुओं की ओर माननीय मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया है। 17/05/2025 को उक्त बैठक में बिन्दुआर 15 मांगो का ज्ञापन प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर कांकेर के माध्यम से सौंपा गया कलेक्टर की अनुपस्थिति में उन्होंने अपना प्रतिनिधि सुश्री दुर्गा कुजुर नायब तहसीलदार को सभा स्थल पर भेजकर ज्ञापन प्राप्त किया।

#### ज्ञापन में उल्लेखित मांगें

1. यह कि, प्रदेश के बेरोजगारों के लिए शासन द्वारा बनायी गयी नीति का संघ स्वागत करते हुए यह निवेदन करता है कि, नीति में सरलीकरण करते हुए बेरोजगारों को रोजगार मुहैय्या कराया जायें 2. यह कि, दैनिक वेतन भोगी के रूप में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के जस्टिस माननीय बिभु दत्ता गुरू के सिंगल बेंच द्वारा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 60 दिवसो में नियमितिकरण का लाभ दिये जाने हेतु आदेश पारित किया है। 3. यह कि, प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों/छात्रावासों / आवासीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को वर्तमान में दिया जा रहा मानदेय कलेक्टर दर से भी कम है। कृपया रसोईयों को कलेक्टर दर दिया जावे 4. यह कि, प्रदेश के भीतर शासन द्वारा समय-समय पर जारी महँगाई भत्ता का आदेश सेवारत कर्मचारी एवं पेशंनरों को एकसाथ दिया जावे। 5. यह कि, प्रदेश के लिपिकों का सन- 1981 वेतन आयोग द्वारा सिफारिश की गयी वेतनमान के अनुरूप ही वेतनमान का लाभ दिया जावे।

#### आवंराभाटा रेलवे क्रांसिग पर उच्च स्तरीय पुल की मांग

6. यह कि, जगदलपुर रेल्वे स्टेशन पर रेंप का निर्माण तथा दंतेवाड़ा जिला के आवंराभाटा में रेलवे क्रांसिग पर उच्च स्तरीय पुल (ओवर ब्रिज) का निर्माण यथाशीघ्र कराया जावे। 7. यह कि, अम्बिकापुर संभाग अंतर्गत अम्बिकापुर से बरवाडीह तक रेल लाईन का आज तक विस्तार व निर्माण न होने से न केवल क्षेत्र की जनता परेशान है अपितु क्षेत्र का विकास भी कहीं न कहीं प्रभावित हो रहा है। रेल्वे लाईन का विस्तार यथाशीघ्र कराया जावे। 8. यह कि, जिला गरियाबंद में मालगांव से डोंगरीगांव तक बाईपास सीसी रोड का निर्माण यथाशीघ्र कराई जावे। 9. यह कि, प्रदेश के भीतर राज्य शासन ने शासकीय नियमित एवं कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश एवं अवकाश का नगदीकरण स्वरूप एक किया जावें। 10. यह कि, शासन द्वारा जनहित में जा चलाये जा रहे जल जीवन मिशन पुनीत कार्य को काफी स्वागत योग्य है और जनमानस इसका स्वागत करता है किंतु जल जीवन मिशन कार्य को सौंपे गए विभाग को गंभीरता से कार्य करने एवं जनता को इसका लाभ दिलाया जावे। 11. यह कि, राज्य शासन की समस्त शासकीय विभागों के शासकीय वाहनों का बीमा कराया जावें। 12. यह कि, राज्य शासन के अंतर्गत शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लगाये गये प्रतिबंध को हटाने की कार्यवाही की जावे। 13. यह कि, बस्तर संभाग के अंतर्गत छात्रावास/आश्रमों में स्वास्थ्य सेवा के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति हो। 14. यह कि, राज्य के सभी जनपद पंचायतों के कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के पश्चात पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए।

#### स्थानीय बेरोजगारों की नियुक्त दें

15. यह कि, बस्तर संभाग एवं सरगुजा संभाग में स्थानीय बेरोजगारों की नियुक्ति की जावे। अतः संघ विनम्र निवेदन कर मांग करता है कि, उपरोक्तानुसार बिन्दुवार 15 मांगों पर विस्तृत जानकारी दी गई है जिस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जनहित में जल्द से जल्द मांगों की पूर्ति करने की महान कृपा करेंगे, जिसके लिये संघ आपका सदैव आभारी रहेगा। प्रदेश स्तरीय इस बैठक में सर्वश्री प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, जाहीद अहमद खान प्रदेश संयोजक, सुशील कुमार टोप्पों प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, राजेन्द्र पाण्डे वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, सुदामा ठाकुर प्रदेश कोषाध्यक्ष, शरद शर्मा, रवि तिवारी, एम.डी. बघेल, श्रीमती सत्यशीला मेश्राम, कोटेश्वर चापड़ी, श्रीमती दुर्गा ध्रुव, श्रीमती के. ठाकुर, श्री विपिन तिवारी, श्री कृष्ण कुमार साहू, श्री नितीश कुमार जैन, श्री श्रीराम पोरते, श्री सत्यभान सिंह जादौन, श्री राम, दुलार सिंह, श्री अनिल साहू, श्री राम विलास साहू, श्री दिनेश कुमार साहू, श्री राजेश साहू, श्रीमती इन्द्रा शर्मा, श्रीमती आसीया खान, श्रीमती किरण यादव, श्रीमती मंदाकिनी जैन, श्रीमती शकुन्तला सिंह, श्रीमती सुनिता सोरी, शंकर लाल श्रीवास्तव, सीवा स्वर्णकार, दशमू राम सेठिया, विनय कुमार मण्डल, जितेन्द्र सेठिया, रामजी नाग, राजेश माने, गुलशन निषाद, अशोक जयसवाल, चमन लाल वर्मा, जयसिंह सोनकर, रूपलाल साहू, पन्ना लाल सोनवानी, ओमप्रकाश सेन, श्रीधर भजने, अमियो चटर्जी, नेमचंद यादव, धरमजीत सिंह, अमृत सिंह, ए. सुधाकर, हरीश चंद यादव, दिनेश कुमार साहू, अनिल साहू तुसलीराम बघेल, जिला अध्यक्ष, जन अधिकार मोर्चा जिला कांकेर सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार ने ग्रामीणों के जीवन में लाया है सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सुशासन तिहार ने ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। यह सकारात्मक बदलाव बालोद जिले के ग्राम सुरेगांव की निवासी राधिका बाई के जीवन में भी आया है। राधिका को राशन कार्ड प्रदान किया गया है, जिसके लिए उन्होंने सुशासन तिहार के पहले चरण में आवेदन किया था। यह राशन कार्ड उन्हें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त करने में मदद करेगा। इस योजना के तहत राधिका बाई और उनके परिवार को अब हर महीने 35 किलो अनाज मुफ्त मिल सकेगा, जो उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगा।

राधिका बाई ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राशन कार्ड की कमी एक बड़ी समस्या थी। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में उन्हें काफी परेशानी होती थी। सुशासन तिहार के पहले चरण में जब उन्होंने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया, तो उन्हें उम्मीद थी कि उनकी यह मांग पूरी होगी। समाधान शिविर में जब उन्हें राशन कार्ड सौंपा गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। राधिका ने कहा कि अब हमें राशन मिल सकेगा और घर का खर्च चलाने में आसानी होगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हमें मुफ्त अनाज मिलेगा, जिससे हमारा परिवार बेहतर तरीके से जीवन जी सकेगा। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। इसके साथ ही राधिका बाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संचालित हो रही महतारी वंदन योजना का भी जिक्र किया, जो राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राधिका ने बताया कि इस योजना की राशि उनके लिए एक बड़ा सहारा बनी है, और अब राशन कार्ड मिलने से उनकी जिंदगी और आसान हो जाएगी।

सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रमों के संचालन के लिए राधिका बाई ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का प्रसन्नतापूर्वक हृदय से आभार व्यक्त किया है। उसने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने सुशासन तिहार के जरिए हम जैसे गरीब लोगों की समस्याओं को समझा और उसे हल किया। उनके इस प्रयास ने हमें नई उम्मीद दी है। साथ ही, महतारी वंदन योजना ने हमें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। मैं उनका बहुत–बहुत धन्यवाद करती हूँ।

सुशासन तिहार का यह आयोजन बालोद जिले में ग्रामीणों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। समाधान शिविरों के माध्यम से न केवल राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

## कोलिहामार श्री गणेश मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम कोलिहामार स्थित श्री गणेश मंदिर का पुननिर्माण किया जा रहा है। मंदिर का ढांचा वर्शो पुराना होने के कारण जीर्ण शीर्ण हो चुका है। वही कई दशक पूर्व बना मंदिर का गर्भगृह भी छोटा है जो वर्तमान मे बढ़ते श्रद्वालुओ को देखते हुए नवीन निर्माण के दौरान बड़ा गर्भगृह बनाया जाएगा।

क्षेत्र के युवाओ ने ग्राम कोलिहामार के ग्रामीणो से चर्चा उपरांत मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। मंदिर प्रांगण मेब ने पुराने दीवाल को हटाया जा रहा है, इसके लिए युवाओ ने श्रमदान किया। मंदिर पुनर्निर्माण के दौरान मंदिर मे स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति यथावत रहेगी, मंदिर के ढांचा को तोड़कर गर्भगृह बड़ा कर नवीन निर्माण किया जाएगा। मंदिर प्रांगण मे पहले से स्थापित भगवान श्रीराम, महाबली बजरंगबली, शंकर भगवान, शिवलिंग, श्रीमंत्र सभी को एक ही परिसर मे आचार्य के मार्गदर्शन मे पुनः स्थापित किया जाएगा। मंदिर का निर्माण जन सहयोग जन श्रमदान के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम कोलिहामार स्थित श्री गणेश भगवान के दर्शन करने क्षेत्र ही नही अन्य प्रदेशो से भी श्रद्वालु मनोरथ लेकर आते है, मंदिर प्रांगण मे कार्तिक पूर्णिमा मे मेला लगता है एवं गणेश पक्ष मे अनुष्ठान होता है। गुरूर नगर सहित कोलिहामार के ग्रामीण भी वर्शो से गणेश भगवान की छत्रछाया मे ही नैनी मारने आते है। भगवान गणेश के मंदिर के पुनर्निर्माण की आव"यकता वर्शो से महसूस की जा रही थी, जिसका शुभारंभ अब श्रमदान के साथ युवाओ ने किया है।

### बोईरडीह में लिया गया सोखता गड्ढा बनाने का संकल्प



**डौण्डीलोहारा।** आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है, इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी लोग अपने-अपने घरों में सोखता गड्ढा बनाए, इसी उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत सहगांव के सरपंच भूषण लाल देवांगन के मार्गदर्शन में आश्रित ग्राम बोईरडीह में सोखता गड्ढा बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उप सरपंच रूनीता पिस्दा, सचिव लक्षण पटेल, रोजगार सहायक लोकेश चुरेन्द्र तथा पंचगण सीमा पिस्दा, इंदू पिस्दा, होरी लाल चुरेन्द्र, अंजनी चुरेन्द्र, बीरम बाई, सुनीता सांडिल्य, साधना बाई पिस्दा, रुपकुंवर चुरेन्द्र नरसिंह निषाद व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सेना के पराक्रम पर डोकला में तिरंगा यात्रा निकाली

**गुरूर।** सेना के पराक्रम व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सोमवार को ग्राम डोकला में तिरंगा यात्र निकाली गयी। सरपंच ऋभा अश्वनी बंजारे की अगुवाई में तिरंगा यात्र में लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ गांव में रैली निकाली गई। ग्रामीणों ने तिरंगा यात्र का स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच ऋभा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर यह साबित कर दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है और किसी से डरता नहीं। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर देश को गौरवांवित किया है।




## गौ जन जागरण यात्रा के पहुंचने पर अरमरीकला में हुई संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गौ ग्राम जन जागरण यात्र के छठवे दिन गौ रथ विकासखण्ड के 10 ग्रामो मे पहुंची। ग्राम अरमरीकला मे गौ संगोष्ठी एवं महाआरती की गई। यात्र के दौरान ग्रामीणो को गौ संदेश, गौ संरक्षण, गौ उत्पाद संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम जेवरतला मे 10 वर्शीय बालक ने गौ माता का दुध निकालकर बताया कि गौ माता का स्नेह हमेशा मां की तरह की मिलता है।

ग्राम अरमरीकला मे भारत माता ग्राम संगठन की अध्यख दीपा साहू, उपाध्यक्ष मंजू साहू, कोशाध्यक्ष केवरा साहू, पशु सखी आरती साहू, सक्रिय महिला पुनम साहू, जागरिका साहू, मितानीन द्वोपति साहू, पंच सोहद्रा साहू के साथ पुनम साहू, मंजू साहू, उमे"वरी साहू, खेमिन, नोसिर, पिके"वरी, दुर्गा, मीरा बाई ने यात्र के दौरान सक्रिय भूमिका निभाते गौ पालन करने पर सहमति व्यक्त की।

कार्यक्रम मे अरमरीकला नगर विकास समिति रामावतार साहू, यमकुमार साहू, भीखम नागवंशी, ई"वर बंजारे, गौ माता के महत्व एवं उसके मानव जीवन मे उपयोगिता को प्रतिपादित किया।

अरमरीकला सरपंच धनेन्द्र साहू, पंच गया, द्रोपदी साहू, दामिनी साहू, ग्रामीण राकेश साहू ने भी गोष्ठी के दौरान कहा कृशि कार्य के लिए एवं मानव जीवन के लिए गौ पालन जरूरी है। हम भी यह प्रयास करेंगे कि घरो मे गौ पालन हो। सरपंच धनेन्द्र साहू ने बताया गौ माता से प्रेम हो तो बच्चे गौ माता के साथ बच्चे की तरह खेलते है एवं गौ माता उन्हे पुरे स्नेह के साथ रहती है। अरमरीकला मे यात्र के दौरान गौ उत्पाद की जानकारी प्रदान की गई।

### ग्राम पेण्डरवानी में तिरंगा यात्रा निकाली



**गुरूर।** ग्राम पेण्डरवानी मे तिरंगा यात्र निकाली गई। जिसमे ग्रामीण महिला, पुरूश के साथ बच्चो ने हाथो मे तिरंगा झण्डा लेकर भारत माता की जयकारे लगाते हुए ग्राम का भ्रमण करते दिखे जहां ग्राम मे यात्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण यात्र मे सम्मिलित होते गए और देश के सम्मान मे एकजुट होकर यात्र को सफल बनाते दिखे।

**हर व्यक्ति छोटा से बड़ा बनता है इसलिए छोटे को छोटा न समझें**

# ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारियों ने शपथ लेकर पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज बालोद राज के नवनिर्वाचित समस्त पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश एवं रूद्रेश यादव, महासचिव ऐलेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत यादव सहित अन्य पदाधिकारीयो ने शपथ ली। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात, कार्यक्रम के सभापति के साथ कार्यक्रम संचालक की दोहरी भूमिका निभाते हुए नंदकिशोर यादव ने समाज के वरिष्ठजनों को उद्बोधन के लिए क्रमशः आमंत्रित किया। मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने बताया अपने आभार उद्बोधन में निवृत्तमान अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद ने युवाओं से अपील की, कि वे समाज में छोटे पद को ग्रहण कर धीरे–धीरे अनुभव लेकर उच्च पदों तक पहुंचे। मैं स्वयं ग्राम प्रमुख फिर मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदों का दायित्व निभाते हुए समाज के अध्यक्ष का कार्यकाल आप सभी के सहयोग से पूर्ण किया हूं।





#### आय -व्यय की जानकारी दी

जीवन यादव ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसलिए समय के साथ दायित्व निभाने वाले प्रमुख पदाधिकारी भी बदलते जाते हैं और समाज के हित में नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं। निवृत्तमान हो रहे कोषाध्यक्ष चेतन यादव ने आय –व्यय को विस्तार पूर्वक सभा के समक्ष रखा। जिला संगठन के महासचिव बलदेव यादव ने कहा यदि समाज को हर क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां के साथ बहुत ऊंचाई तक ले जाना है तो हमें मिलजुल कर नीचे की ओर जाना होगा अर्थात हर ग्राम के सदस्यों की राय जानकर कार्य योजनाएं बनाना होगा ।कोषाध्यक्ष हेमंत यादव ने कहा कि हम समाज का कोष बढ़ाने के लिए, नए स्रोत बनायेंगे, इस हेतु वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन लेंगे।

**कार्यकारिणी को संतुलित बनाया :** महासचिव एलेंद्र यादव ने कहा कि बालोद राज के नवगठित कार्यकारिणी में हमने युवाओं के साथ वरिष्ठ जनों दोनों के प्रतिनिधित्व में संतुलन बनाने का प्रयास किया है। सभापति के रूप में नंदकिशोर यादव ने कहा कि हमारी कुछ प्रमुख बैठकें हमारे मुख्यालय बालोद में हों, लेकिन विकेंद्रीकरण के लिए हम अन्य बैठकें ग्राम या मंडल स्तर में जाकर लेवे ताकि दूर दराज के निवासरत बंधु जो मुख्यालय तक नहीं आ पाते उनके विचारों से परिचित होकर सामाजिक नियमावली को नवीनता प्रदान करें। विवाह योग्य युवक युवतियों की जानकारी के लिए पुस्तिका छपवाने हेतु जुलाई माह तक ग्राम प्रमुखगण निर्धारित फार्म में तैयार कर महासचिव के पास जमा करेंगे ताकि, दीपावली तक हम पत्रिका निकाल सके।

**पदाधिकारी:** आगामी 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए बालोद राज के पदाधिकारीयो मे अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, महासचिव एलेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत यादव, संरक्षक छगन लाल यादव, नरेंद्र प्रसाद यादव, नंदकिशोर यादव, जीवन यादव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, रूद्रेश यादव, सहसचिव सचिन कुमार यादव अंकेक्षक पवन कुमार यादव, उपकोषाध्यक्ष बृजेश कुमार यादव, सलाहका चाणक्य यादव, हिम्मत लाल यादव, शिवभजन यादव, आत्माराम यादव, राकेश यादव, सनत यादव, विधि सलाहकार केके. यादव, नरेंद्र यादव, विजय यादव, संगठन मंत्री राजेंद्र यादव, अशोक यादव, छगन यादव, चंद्रेश यादव, भरत यादव, अरुण यादव, उत्तम कुमार यादव, राम सजीवन यादव, लोभेश यादव, विशेष आमंत्रित सदस्य अवधेश यादव, छंगू यादव,अरुण यादव, रोमलाल यादव, महेश्वर यादव, जगदीश यादव, लोकनाथ यादव, मीडिया प्रभारी बलदेव यादव, भवन प्रभारी रामस्वरूप यादव, समाजसेवक खेमलाल यादव, मंडल अध्यक्षगण मे मंडल सोरर रेखाराम यादव, मंडल झुरहाटोला उमेश कुमार यादव, मंडल चिकलाकसा महेश कुमार यादव, मंडल नेवारी कला महिपाल यादव, मंडल कनेरी बंशीराम यादव, मंडल बालोद रामस्वरूप यादव, मंडल तरौद जनक यादव, मंडल सोरली सिद्धेश्वर यदु, मंडल अर्जुंदा नामलाल यादव, मंडल लाटाबोड संचित यादव, मंडल कोचवाही कौशल यादव, मंडल मटिया दिलबर यादव, मंडल दल्ली राजहरा बालमुकुंद यादव को बनाया गया है।

## खबर संक्षेप



### चारवाही में पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन

**बालोद।** ग्राम चारवाही मे पांच कुण्डलीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे ग्रामीणो के साथ अन्य आस पास के ग्रामो से लोग पहुंचकर गायत्री यज्ञ मे भाग ले रहे है।

### बिरेतरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लाटाबोड़।** सोमवार को ग्राम पंचायत बिरेतरा एवं समस्त ग्रामवासी की और से भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकली गई। इस अवसर पर सरपंच तारिणी योगेश देशमुख, पूर्व सरपंच योगेश देशमुख, सचिव सुरेश साहू, रोजगार सहायक गुलेश्वरी देशमुख उपस्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाप, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

### सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लाटाबोड़।** भाजपा मंडल सिकोसा द्वारा ग्राम हल्दी एवं पसौद में ऑपरेशन सिंदूर के सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक पूर्व सैनिक एवं जन प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति अश्वनी कुमार कटहरे, मंडल महामंत्री आशीष साहू, युगल ताम्रकार, तामेश्वर सिन्हा, कमलेश डडसेना, देवबती साहू, डामन चौरे, दुष्यंत सोनवानी, रोहित यादव, अजय सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, तोरण साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिल डहरे, जनक सिन्हा, दिलेश्वर साहू, ग्राम हल्दी पसौद एवं मटिया के सरपंच एवं पंचगण भी सम्मिलित हुए।

### गांजा बेचते तीन युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** गांजा बेचते हुए तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र के गंज मंडी सिकोला भाटा में गांजा बेचते सद्भावना चौक दुर्ग निवासी संजय उके, अमित गजभिये, शंकर नगर राजनांदगांव संजय साहू को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने 3.28 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 24 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 400 रुपये जब्त किया। मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने गंज सब्जी मंडी सिकोला भाठा में दबिश देने पहुंची थी। कार्रवाई में मोहन नगर थाना प्रभारी केशव राम कोसले समते उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धारदार हथियार लेकर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि मोहम्मद खालिद नामक युवक को घेराबंदी कर टेंट हाउस के सामने से पकड़ा गया है। टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि युवक को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**आयोजन**

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने 10 लाख देने की घोषणा की

# गोंड़वाना समाज की तीन दिनी महासभा ईष्टदेव की पूजा-अर्चना से हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम आवारी (लिम्हाटोला) स्कूल मैदान में गोण्डवाना समाज संभाग मोहला अंतर्गत 19 से 21 मई तक आयोजित अंतर्राज्यीय तीन दिवसीय पंचवषऍय महासभा का शुभारंभ सोमवार 19 मई को अतिथियों के द्वारा बुढ़ा देव एवं समाज के अन्य ईष्ट देवी-देवताओं का पूजा-अर्चना कर किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि राजमाता फुलवादेवी कांगे कंगला मांझी सरकार नई दिल्ली एवं विधायक मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र इन्द्रशाह मण्डावी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, संभागीय संरक्षक जगत सलामे एवं, मोहन हिड़को एवं सुरेश दुग्गा, संभागीय, सलाहकार हीरेसिंह धावड़े, संभागीय महासचिव तुकाराम कोर्राम, संभागीय पूर्व सचिव पूर्णानंद नेताम, कोषाध्यक्ष तुलसीराम मरकाम, सचिव कुमार कोरेटी सहित अन्य समाज प्रमुखों के अलावा जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो एवं जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नरोटी, नीलिमा श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष डौण्डी आत्माराम कौड़ो, ब्लॉक अध्यक्ष ईस्तारी महाराष्ट्र बाबूराव हिड़को, कोटगुल महाराष्ट्र गोविंद टेकाम, छुरिया डोंगरगढ़ दिनेश कोरेटी, मोहला पदुमसिंह तोप्पा, अंबागढ़ चौकी छबिलाल वट्टी, डौण्डीलोहारा अजित कचलाम सहित मानसाय बोगा, कुलेश्वर हिचामी, गोण्डवाना खबर के संपादक जीवराखन लाल उसारे एवं अन्य समाज प्रमुखों के अलावा हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य के गोण्डवाना समाज के लोग उपस्थित थे।









**समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फुलवा देवी कांगे ने गोण्डवाना समाज के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने समाज के विकास के लिए शिक्षा संगठन एवं मद्य निषेध को आवश्यक बताया। उन्होंने विधायक निधि से गोण्डवाना समाज संभाग मोहला को 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

### सामाजिक संरचना एवं विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया

संभागीय अध्यक्षनरेन्द्र नेताम ने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के सामाजिक संरचना एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को एकता के सूत्र में आबद्ध होकर समाज को शसक्त एवं विकसित बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। संभागीय सलाहकार हीरेसिंह घावड़े ने समाज के प्रभुत्व एवं जागरूक लोगों के अलावा सभी वर्ग के लोगों को समाज को शिक्षित, सबल, सक्षम एवं संस्कारी बनाने के अलावा समाज के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम को संभागीय संरक्षक सुरेश दुग्गा, मोहन हिड़को, जगत सलामे, महासचिव तुकाराम कोर्राम, तुलसी राम मरकाम, गोविन्द टेकाम, दिनेश कोरेटी एवं अन्य सामाजिक प्रमुखों ने भी संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। समारोह स्थल में समाज के आराध्य देव, आंगादेव, बुढ़ा देव सहित सभी देवी-देवताओं का विधिवत् स्थापना की गई है। अतिथियों एवं सामाजिक गणों के द्वारा पूजा-अर्चना के पश्चात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# विहिप जिला अध्यक्ष ने एसपी से लव जिहाद, गौ तस्करी पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने सौजन्य मुलाकात की व बालोद जिला में युवा पुलिस अधीक्षक के पदस्थ होने पर खुशी जाहिर की आज की।

इस मुलाकात में विहिप जिला अध्यक्ष ने धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ तस्करी जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा की व संगठन के द्वारा किये गए कार्यो की जानकारी देते हुए जिले में विहिप बजरंग दल के द्वारा किये जा रहे कार्यो पर चर्चा की व पुलिस अधीक्षक को पूर्व के मामलों से अवगत भी कराया व बताया कि बालोद जिला के अंदर कुछ स्थानों पर धर्मविरोधी गतिविधि निरंतर कुछ लोगो के द्वारा किया जाता है। जिनमे अवैध प्रार्थना सभाओं का निवास में संचालन भी किया जाता है। वही कुछ स्थानों से व मार्गो से गौ तस्कर गैर कानूनी कार्यो को भी करते है। जिसकी जानकारी संगठन के माध्यम से दी गई।

नए पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने संगठन नेताओ को आश्वत किया है कि इस प्रकार के कार्यो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी व कार्य करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। आज के मुलाकात में बालोद जिला के गुरुर, बालोद शहर व डौंडीलोहारा क्षेत्र के संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमे प्रमुख रूप से जिला मंत्री राजेश सोनी, जिला मातृशक्ति सह संयोजिका स्वेता राजपूत, मिश्रीलाल साहू, मनीष साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गोरकापार उपस्वास्थ्य केंद्र में छाया शेड निर्माण के लिए की गई भूमि पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत गोरकापार के उपस्वाथ्य केंद्र में छाया सेड की स्वीकृति जिला खनिज न्यास निधि हुई है जिसका भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान सरपंच रामेश्वरी चन्द्राकार ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ अपने गांव में सबको मिलेगा, भाजपा सरकार जैसे कि अभी प्रति माह महतारी वंदना योजना में जिसका नाम छुटा होगा,तो उसका नाम जोड़ा जायेगा । गांव का विकास कार्य सबके लिए होगा। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास होगा। ये रहे उपस्थित : जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुंडरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य गुलशन साहू, संध्या मनोज खरे, हेमलता देशलहरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, सरपंच रामेश्वरी चंद्राकर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थान सिंग मंडावी, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, मंडल महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर, सरपंच पांगरी प्रमोद पटेल, उपसरपंच टोमन लाल चंद्राकर, ढालसिंग साहू, मनोज खरे, रविन्द्र देशलहरे सी एच ओ साहू मैडम सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

■ भाजपा सरकार की योजनाओं से होगा गांव का सर्वांगीण विकास : सरपंच

# खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण और दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि जिले के खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत जिन खाद्य परिसरों में अनिवार्य रूप से खाद्य पंजीयन पंजीयन अनुज्ञप्ति बनाने को कहा गया।

इस दौरान जिले में खाद्य सुरक्षा भारत भूषण पटेल एवं संजय कुमार नंद की संयुक्त कार्यवाही में विभिन्न खाद्य पदार्थो के पैकेजिंग व पैकिंग हेतु उपयोग होने वाले प्लास्टिक मटेरियल्स का निरीक्षण कर कुल 10 नमूना जांच हेतु लिया गया। इसके साथ ही सांकरा, करहीभदर में स्थित मेसर्स बीबी फूड्स एण्ड बेवरेजेस का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बहुत सी अनियमितता पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी कर उक्त कमियों को सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ संबंधित फर्म द्वारा निर्मित पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर व सप्लाई हेतु जार में रखे हुए जल का खुला नमूना भी लिया गया।

# कांग्रेस ने किया आवास योजना को बंद, अब गुमराह कर रही



**गुरूर।** विधायक को 6 साल बाद याद आयी गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, जिनकी खुद की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने जनता को गुमराह में रखकर आवास योजना को बंद कर दिया था, जिस कारण आज सभी हितग्राही दर दर भटक रहे हैं। उक्त बातें महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति संध्या अजेंद्र साहू ने कही। संध्या साहू ने कहा 6 साल बाद उनको याद आया कि गरीब भाई बहनों को प्रधानमंत्री आवास दिलाना बाकी है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दे रही है, संध्या साहू ने बताया कि ग्राम कनेरी और पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक ने अपने उदबोधन में अधिकारियों को कहा सभी को आवास मिलनी चाहिए, जिनका सर्वे हुआ है मेरे पास सबसे ज्यादा आवेदन आवास का आया है, साथ में विधायक के द्वारा यह भी जानकारी प्रेषित की गई की ग्राम कनेरी में अवैध शराब बिकती है, जिस पर कार्यवाही करनी चाहिए, संध्या साहू ने कहा निश्चित ही मैं भी कहती हूं की कार्यवाही होनी चाहिए, पर मैं बताना चाहती हूं कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने ही तो घर-घर शराब पहुंचाने का काम किया था। उसी का यह परिणाम है कि आज हमारे युवा भाई नशे के आदी हो गए हैं संध्या साहू ने कहा विष्णुदेव साय की सुशासन रूपी सरकार है, जो जनहित के कार्य प्राथमिकता से कर रही है और पूरे भारत में छत्तीसगढ़ का डंका बजा रही है, हमने बनाया है हम ही सवारेंगे इस बात को सिद्ध करती हुई दिखाई दे रही है, भाजपा सरकार विकसित भारत के सपने को साकार कर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बना कर रहेगी।

# शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण नीति छात्र हित में नहीं, पढ़ाई होंगी प्रभावित

## सरकारी विद्यालयों को बदनाम कर निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है : शिक्षक फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने युक्तियुक्तकरण नीति के त्रुटिपूर्ण बिंदुओं के विरोध में ज्ञापन मुख्यमंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ को दिया है।

उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण को कक्षाओं की संख्या एवं विषय आधारित किये जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण नीति 28/4/2025 पूर्णतः 02/08/2024 का नकल है। जिसमें विद्यार्थी हित को पुनः अनदेखा किया गया है। फेडरेशन के कहना है कि प्राथमिक शिक्षा से विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा स्तर के परीक्षा मूल्यांकन में गिरावट आ रहा है। सरकारी विद्यालयों के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होते हैं।जोकि शाला के विद्यालय शिक्षण पर निर्भर रहते हैं। यदि दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाता है,तो विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होगा। जोकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के विरुद्ध है। अतः NEP के अनुसार युक्तियुक्तकरण नीति निर्देश बनाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि विगत वर्ष में जो नीति त्रुटिपूर्ण था,हूबहू वही वर्तमान वर्ष में बिना सुधार के क्रियान्वयन करना युक्तिसंगत एवं व्यवहारिक नहीं है।



■ युक्तियुक्तकरण सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को विषय ज्ञान से वंचित करने वाली नीति

**सेटअप में परिवर्तन दोषपूर्ण :** इसे लागू करना बुद्धिमत्ता नहीं है। इससे शिक्षा व्यवस्था में प्रगति न होकर अध्ययन-अध्यापन का पतन ही होगा।यदि विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर से भाषा/विषय अवधारणा(concept) में स्पष्ट नहीं होगा तो माध्यमिक/हायर सेकंडरी एजुकेशन में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायेंगे। फेडरेशन के मत है कि सेटअप में कक्षाओं की संख्या तथा विषयमान से विद्यार्थियों को शिक्षक मिलना गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए आवश्यक है। व्यवस्थित अध्ययन-अध्यापन के लिए प्रत्येक विषय व्याख्याता की आवश्यकता है।फेडरेशन का कहना है कि प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला,हाई स्कूल/उच्चतर माध्यमिक के सेटअप में परिवर्तन किया जाना शिक्षा व्यवस्था के लिये घातक है। विषय अध्यापन व्यवस्था कैसे होगा ? इस पर विचार किये बिना दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना करने की युक्तियुक्तकरण नीति शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम है।

### भविष्य की पदोन्नति भी प्रभावित होगी

जिसके कारण न केवल वर्तमान पदस्थापना तथा भविष्य की पदोन्नति भी प्रभावित होगी। साथ ही,प्राथमिक/माध्यमिक के विद्यार्थियों को विषय/कक्षा शिक्षक से वंचित होना पड़ेगा।शिक्षकों में रोष व्याप्त है कि शिक्षा की गुणवत्ता कैसे संभव होगा। शिक्षक विहीन विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये कक्षावार विषय शिक्षकों की उपलब्धता उचित है। लेकिन जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिये विषय शिक्षक उपलब्ध हैं,उनको दर्ज संख्या के आधार पर विषय शिक्षक विहीन करने का युक्तियुक्तकरण नीति अनुचित है।अतिशेष गणना में प्रधानपाठक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक विद्यालय को शामिल करना पूर्णतः गलत है।पदोन्नति के पद को उसके फीडर पद के समकक्ष रखा जाना भर्ती नियम के विरुद्ध है। जोकि,शिक्षा,शिक्षक और शिक्षार्थी तीनों के लिए अहितकर है।युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण निर्देशों में सुधार आवश्यक है। विगत वर्ष 2024 में सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण को उपरोक्त तथ्यों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सुधार का आग्रह किया गया था। लेकिन तथ्यों पर जमीनी हकीकत को युक्तियुक्तकरण 2025 के निर्देशों में पुनः नजरअंदाज किया गया है।

### कोलाहल अधिनियम के तहत डीजे पर कार्रवाई

**भिलाई।** तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत चार संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि एकता उत्सव (उर्स पाक) वर्ष 2025 के सदस्यों व डीजे संचालकों को बैठक लेकर धोनी विस्तार की यंत्रों के उपयोग को लेकर जारी निर्देश का पालन करने व रात 10 बजे के बाद से डीजे नहीं बजाने का आदेश किया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

अभिनंदन का कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में रखा गया है

# नेहा व साक्षी की दीक्षा 4 जून को बीकानेर में नगर में आज अभिनंदन व वरघोड़ा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की दो बेटियों ने संयम जीवन का कठिन मार्ग चुना है। नगर की नेहा डोसी व साक्षी भन्साली ने कम उम्र में ही संसार की असारता को समझते हुए आत्मकल्याण के लिए दीक्षित होने का निर्णय लिया है। वे आगामी 4 जून को राजस्थान के बीकानेर शहर में अपने धर्मगुरु आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से दीक्षा ग्रहण करेंगी।

दीक्षा के बाद उनका नया नामकरण होगा। दीक्षा के बाद वे आजीवन सफेद वस्त्रों में जैन साध्वी चर्चा का पालन करेंगी।उनके पास सीमित कपड़े,लकड़ी के पात्र,ओगा पुंजनी आगम की किताबें व संयमी जीवन के अल्प साधन ही साथ में होंगे। वे आजीवन टीवी मोबाइल पंखे बिजली वाहन आदि का प्रयोग नही करेंगी।इधर उधर जाने आने के लिए पैदल ही आवागमन करेंगी।सांसारिक नाते रिश्ते खत्म हो जाएंगे।जीवन पर्यन्त आत्मगुणो में लीन होकर स्व व पर कल्याण करते हुए जिनशासन की प्रभावना करेंगी।



दीक्षा के पूर्व नगर में भी संघ समाज द्वारा वृहद तैयारियां की जा रही है। 20 मई को दोनों ही मुमुक्षु बहनों नेहा व साक्षी के अभिनंदन व भव्य वरघोड़ा का कार्यक्रम रखा गया है।इस हेतु नगर को बैनर पोस्टर व आकर्षक सजावट सामग्रियों से सजाया गया है। अभिनंदन का कार्यक्रम नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में रखा गया है। इसके पूर्व भव्य वरघोड़ा शोभायात्रा निकलेगी।

### जैन उपाश्रय प्रांगण से निकलेगी शोभायात्रा

जैन आचार्य श्रीरामलाल जी मसा की सुशिष्या महासती विवेक शिलाश्रीजी सुयशप्रज्ञाश्रीजी व दीक्षिताश्रीजी मसा नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में विराजमान हैं।महासती वृन्द के मंगलपाठ के बाद सुबह आठ बजे से उपाश्रय प्रांगण के सामने से भव्य शोभायात्रा शुरू होगी।जो नगर के विभिन्न मार्गों सदर बाजार विवेकानंद चौक मुख्य मार्ग रामनगर चौक बाजार चौक आदि स्थानों से होते हुए नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में सम्पन्न होगी।इस दौरान दोनों ही मुमुक्षु बहनें नेहा व साक्षी भव्य व आकर्षक बग्घी में परिजनों के साथ सवार रहेंगी व नगर जनों का अभिवादन करेंगी।जाने अनजाने गलतियों के लिए क्षमायाचना भी करेंगी। अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अखिलभारतीय साधुमार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी,श्री अखिलभारतीय साधुमार्गी समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित बंब, श्री अखिलभारतीय साधुमार्गी संघ के महामंत्री सुरेश बच्छावत,पूर्व मजिस्ट्रेट मानव अधिकार आयोग नीलम सांखला, पूर्व मजिस्ट्रेट गौतम चौरड़िया।अतिथि गण में अनिल पारख,नवीन देशलहरा, मोनाली ओस्तवाल, ममता नाहटा, संदेश टाटिया व विजय भन्साली होंगे।



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411